Title: Need to rename Makhdumpur Railway Station under Danapur Railway Division of the East Central Railway Zone after Late Shri Sukhdev Prasad Verma.-laid

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री सुखदेव प्रसाद वर्मा मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद के अंतर्गत सुगांव के रहने वाले थे । मखदुमपुर में सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर एक रेफरल अस्पताल बिहार सरकार के द्वारा बनाया गया है । केंद्र सरकार के द्वारा भी उनके सम्मान में कुछ किया जाना चाहिए । पूर्व मध्य रेल अंतर्गत दानापुर मंडल के पटना गया रेल खंड पर स्थित मखदुमपुर रेलवे स्टेशन है । मुगलसराय स्टेशन आज दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन है । नवंबर 2021 तक कुल 26 रेलवे स्टेशनों के नाम वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल के दौरान बदले गए हैं । ऐसे कितने सारे स्टेशन रेल मंत्रालय ने महापुरुषों के नाम पर रखे हैं ।

करोड़ों लोगों के प्रेरणा श्रोत स्व. सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नामकरण होना चाहिए । अगर इस काम में राज्य सरकार के द्वारा जो भी कार्रवाई की जानी है, उस काम में सहयोग लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय और नोडल मंत्रालय के माध्यम से इस कार्य को किया जाए । इस तरह के मामलों में तकनीकी और कानूनी मुद्दे का हल भी रेल मंत्रालय का दायित्व है ।

मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि व्यापक जनहित में बिहार के गौरव पिछड़े वर्ग के मसीहा स्व. सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नाम कर दिया जाए ।